# पूछे जाने वाले आम सवाल


CITY OF PARRAMATTA

## बाढ़ अध्ययन (फ्लड स्टडी) क्या है?

डेटा संग्रह के साथ बाढ़ अध्ययन, स्थानीय सरकारी क्षेत्र (एलजीए) में बाढ़ के खतरे को समझने में पहला कदम है। यह छोटी बाढ़ों से लेकर सबसे बड़ी संभावित बाढ़ तक बाढ़ व्यवहार की तकनीकी जांच है।

बाढ़ अध्ययन मॉडल बताता है कि भारी तूफान में पानी कहाँ बहता है, पानी कितना गहरा हो सकता है और प्रवाह कितने खतरनाक हैं। बाढ़ अध्ययन परिषद को एलजीए में विभिन्न आकार की बाढ़ से होने वाले खतरों की पहचान करने की योग्यता प्रदान करता है। इससे इमारतों और परिषद संपत्तियों के प्रबंधन और भविष्य के विकास की योजना बनाने में मदद मिलती है

City of Parramatta का 2023 ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन नदी और खाड़ियों से आने वाली बाढ़ और भूमि पर आने वाली बाढ़ (जो सतही अपवाह प्रवाह या तूफानी जल निकासी प्रणालियों से अतिप्रवाह के कारण होने वाली बाढ़ होती है), दोनों, के मॉडल के लिए नई तकनीक का उपयोग करता है। बाढ़ अध्ययन न केवल वर्तमान बाढ़ के खतरे का, बल्कि जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप होने वाले भविष्य के बाढ़ के खतरों का भी अवलोकन करता है।



Macquarie Street पर Parramatta CBD में स्थलीय बाढ़।

## परिषद को नया बाढ़ अध्ययन तैयार करने की आवश्यकता क्यों है?

एनएसडब्ल्यू सरकार, परिषद के लिए वर्तमान बाढ़ मॉडलिंग तकनीकों का उपयोग करके अपने एलजीए में सभी प्रकार की बाढ़ का व्यापक बाढ़ अध्ययन करना आवश्यक बनाता है।

एनएसडब्ल्यू सरकार यह आवश्यक बनाती है कि स्थानीय परिषदें अपने स्थानीय सरकारी क्षेत्र (एलजीए) के भीतर बाढ़ के जोखिम का प्रबंधन करें। इन आवश्यकताओं के बारे में और अधिक विवरण **environment.nsw.gov.au/topics/water/floodplains/flood-plain-guidelines** पर पाए जा सकते हैं।

City of Parramatta एलजीए में पहले कई बाढ़ अध्ययन पूरे किए जा चुके हैं। हालाँकि, मौजूदा बाढ़ अध्ययन सभी एलजीए को कवर नहीं करते हैं और सभी प्रकार की बाढ़ का मॉडल नहीं बनाते हैं

परिषद के अधिकांश वर्तमान बाढ़ अध्ययन नदियों और खाड़ियों से आने वाली मुख्यधारा की बाढ़ पर आधारित हैं। यह पहला बाढ़ अध्ययन है जिसमें भूमि प्रवाह के कारण बाढ़, सतही अपवाह प्रवाह के कारण बाढ़ या तूफानी जल निकासी प्रणालियों से अतिप्रवाह शामिल है।

एलजीए के कई हिस्से ऐसे भी हैं जिनका बाढ़ अध्ययन नहीं हुआ है। इन क्षेत्रों में कैचमेंट (जलग्रहण क्षेत्रों) की ऊपरी पहुंच शामिल है जो स्थानीय भूमि प्रवाह क्षेत्रों को दर्शाती है। (भूमिगत प्रवाह क्षेत्र वे क्षेत्र हैं जहां स्थानीय अपवाह प्रवाहित होता है, इन क्षेत्रों में भारी तूफान के दौरान और उसके बाद नदी, नाले या बांध से बहने वाले पानी के बजाय नालों और तूफानी जल के कारण बाढ़ आती है)

भूमि पर बाढ़ सहित स्थानीय जलग्रहण प्रणाली की मॉडलिंग, परिषद की मौजूदा बाढ़ जानकारी को बेहतर बनाने के लिए अहम है। चूँकि बाढ़ मॉडलिंग तकनीकों को अपडेट किया गया है, नई प्रौद्योगिकियाँ हमें जलग्रहण क्षेत्र के भीतर बाढ़ की स्थिति का अधिक सटीक मॉडल बनाने की योग्यता देती हैं

एक नया बाढ़ अध्ययन हाइड्रोलिक बाढ़ की स्थितियों को बेहतर ढंग से निर्धारित करने के लिए नए 2D बाढ़ मॉडलिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करने का अवसर प्रदान करेगा। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि हालाँकि अधिकांश एलजीए को नए बाढ़ अध्ययन में शामिल किया गया है, शेष खंड भी हैं जिनका अलग से अध्ययन किया जाएगा

# पूछे जाने वाले आम सवाल

CITY OF PARRAMATTA

## नए बाढ़ अध्ययन के क्या लाभ हैं?

नए बाढ़ अध्ययन से कई लाभ हैं, जिनमें शामिल हैं:

- परिषद को एलजीए में बाढ़ के खतरे की समझ प्रदान करता है ताकि वह मौजूदा विकास का प्रबंधन कर सके और भविष्य के विकास की योजना बना सके
- आपातकालीन सेवाओं (उदाहरण के लिए एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवाओं [एसईएस], पुलिस) को विभिन्न स्तरों पर बाढ़ आने पर लोगों की सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने में मदद मिलती है
- भूस्वामियों को उनके बाढ़ के जोखिम को समझने में मदद मिलती है ताकि वे बाढ़ के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।



## क्या परिषद ने ऐसी और अधिक संपत्तियों की पहचान की है जिन्हें बाढ़ का खतरा है?

स्थानीय जलग्रहण क्षेत्रों से भूमि प्रवाह को शामिल करने के लिए बाढ़ को परिभाषित करने के तरीके में बदलाव के कारण कई हजार अतिरिक्त संपत्तियों को बाढ़ प्रभावित के तौर पर शामिल किया जाएगा।

इनमें से अधिकांश संपत्तियां बहुत दुर्लभ ही बाढ़ से प्रभावित होंगी, लेकिन यह जानने से कि बाढ़ की सीमा कहां तक हो सकती है, City of Parramatta काउंसिल को इन संपत्तियों में बाढ़ के खतरे को कम करने या खत्म करने के लिए कार्रवाई करने की योग्यता मिलेगी।

परिवर्तन के कारण लगभग 7,581 भूखंड भूमि को बाढ़ प्रभावित के रूप में परिभाषित किया गया है।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इनमें से कुछ संपत्तियों में बाढ़ का खतरा बहुत कम है। हालाँकि, कई ऐसी हैं जिनमें बाढ़ का खतरा मध्यम से उच्च होगा।

## क्या मेरी संपत्ति बाढ़ के खतरे पर है?

आपकी संपत्ति बाढ़ के खतरे पर हो सकती है। हो सकता है कि आपको पिछली बाढ़ की घटना से इसकी जानकारी हो। हालाँकि, सूखे की स्थिति और अन्य कारकों के कारण, एलजीए के कई हिस्से ऐसे हैं जिन्होंने हाल ही में बाढ़ की विशाल घटनाओं का अनुभव नहीं किया है और इसलिए हो सकता है कि भूमि मालिकों को अपने बाढ़ के जोखिम के बारे में पता न हो।

आप ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन सार्वजनिक प्रदर्शनी परामर्श में शामिल होकर अपनी संपत्ति के बाढ़ जोखिम के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं (नीचे विवरण देखें)

आप काउंसिल के FloodSmart पेज़ **cityofparramatta.co/floodwarning** पर बाढ़ के बारे में और अधिक जान सकते/ती हैं तथा बाढ़ चेतावनियों के लिए रजिस्टर कर सकते/ती हैं।

## जब मेरी संपत्ति किसी नदी या नाले के पास नहीं है तो उसे बाढ़ का खतरा कैसे हो सकता है?

गटर और नालों सहित तूफानी जल प्रणाली से आने वाली बाढ़ की कल्पना किसी नदी या नाले से आने वाली बाढ़, जहाँ कि पानी का स्तर आसानी से देखा जा सकता है, से करना मुश्किल हो सकता है। हालाँकि, इस प्रकार की बाढ़ जिसे 'भूमिगत प्रवाह' कहा जाता है, खतरनाक हो सकती है क्योंकि यह आमतौर पर स्थानीय भारी बारिश जैसे कि तूफान के बाद तेजी से बढ़ती है।

नया ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन नदियों और खाड़ियों से आने वाली बाढ़ और भूमि पर आने वाली बाढ़, अतिप्रवाहित तूफानी जल निकासी प्रणालियों से होने वाली बाढ़, दोनों, का मानचित्रण करने के लिए नई मॉडलिंग तकनीक का उपयोग करता है।

# पूछे जाने वाले आम सवाल

CITY OF PARRAMATTA

## मेरी संपत्ति में कभी बाढ़ नहीं आई, मॉडल क्यों कहता है कि मेरे घर को बाढ़ का खतरा है?

ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन सबसे छोटी से लेकर सबसे बड़ी तक विभिन्न आकारों की बाढ़ का मॉडल बनाने के लिए नवीनतम तकनीक और जानकारी का उपयोग करता है, जिसे संभावित अधिकतम बाढ़ (प्रोबेबल मैक्सिमम फ्लड - पीएमएफ) के रूप में जाना जाता है।

पहली बार, मॉडल नदियों और खाड़ियों से आने वाली बाढ़ और भूमि पर आने वाली बाढ़, दोनों, का मानचित्रण करता है - बाढ़ जो तूफानी जल प्रणालियों से ओवरफ्लो के माध्यम से शहर भर में पानी के प्रवाह के परिणामस्वरूप होती है। यह मॉडल जलवायु परिवर्तन को भी ध्यान में रखता है।

हालाँकि हाल के वर्षों में हमारे यहाँ 1980 के दशक जैसी बाढ़ नहीं आई है, लेकिन मौसम की बदलती परिस्थितियों के कारण भविष्य में बाढ़ आने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता । 2023 ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन हमें संभावित क्षेत्रों और बाढ़ की गहराई के बारे में बताता है ताकि हम तैयारी कर सकें और सुरक्षित रह सकें।

## यदि मेरी संपत्ति को बाढ़ का खतरा है तो क्या इससे उसकी कीमत पर असर पड़ेगा?

यह समझना महत्वपूर्ण है कि जिन संपत्तियों के लिए अब बाढ़ का खतरा माना जाता है (नए बाढ़ मॉडल में बाढ़ का पता चला है) उनमें बाढ़ का खतरा हमेशा रहा है।

बाढ़ के खतरे वाली सभी संपत्तियों के लिए अब उनके संपत्ति प्रमाणपत्रों पर बाढ़ जोखिम को अंकित किया जाएगा।

किसी व्यक्तिगत संपत्ति पर केवल "बाढ़ जोखिम अधिसूचना" लिखे जाने से आम तौर पर घर की कीमतें प्रभावित नहीं होती हैं। घर की कीमतें काफी हद तक घर के आकार और प्रस्तुति, क्षेत्र में रहने के इच्छुक लोगों की मांग और बिक्री के समय आर्थिक स्थितियों पर आधारित होती हैं।

## क्या बाढ़ की अधिसूचना से मेरी संपत्ति का बीमा प्रभावित होगा?

बीमा उद्योग को पहले से ही एलजीए में बाढ़ के जोखिम की अच्छी समझ है और संपत्ति बीमा प्रीमियम उसी के अनुसार निर्धारित किए जाते हैं। नया बाढ़ अध्ययन बीमा उद्योग को बाढ़ जोखिम की अधिक परिष्कृत समझ प्रदान करेगा, जो कुछ मामलों में बीमा प्रीमियम को प्रभावित कर सकता है।

बाढ़ के जोखिम वाली संपत्तियों वाले सभी भूस्वामियों को बाढ़ बीमा पर विचार करना चाहिए और अपने बीमा प्रदाता के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए।

## मैं अपनी संपत्ति के बाढ़ जोखिम के बारे में और अधिक कैसे जान सकता हूँ?

परिषद सामुदायिक सूचना सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित कर रही है। **participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/flood-study** पर जाकर अपनी अपॉइंटमेंट प्री-बुक करें।

सत्र Dundas, Epping, Ermington, Parramatta, Rosehill, Telopea, Toongabbie, Wentworthville और Winston Hills पर आयोजित किए जा रहे हैं।

परिषद के अधिकारी के साथ 15-मिनट का फोन अपॉइंटमेंट बुक करें। अपनी अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए Participate Parramatta पेज़ **participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/flood-study** पर जाएँ।

आप काउंसिल की वेबसाइट
**cityofparramatta.co/floodwarning**
**participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/flood-study** पर जाकर और अधिक जान सकते/ती हैं।

# पूछे जाने वाले आम सवाल

CITY OF PARRAMATTA

## मैं ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन पर सबमिशन कैसे जमा करूँ?

आप फोन अपॉइंटमेंट बुक करके, सामुदायिक सूचना सत्र में भाग लेकर या काउंसिल के पेज़ **participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/flood-study** के माध्यम से ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन पर टिप्पणी कर सकते/ती हैं।

सामग्री अरबी, अंग्रेजी, हिंदी, कोरियाई और सरलीकृत चीनी में उपलब्ध है। हालाँकि, किसी अन्य प्रारूप में जानकारी तक पहुँचने में सहायता की आवश्यकता वाले किसी भी व्यक्ति को 1300 617 058 पर परिषद से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ई-मेल और डाक सबमिशन भी किए जा सकते हैं। ई-मेल: **FloodSmart@cityofparramatta.nsw.gov.au**

## डाक सबमिशन:

Chief Executive Officer City of Parramatta Council
PO Box 32, Parramatta NSW 2124
Attention: 2023 ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन टीम

## और अधिक जानकारी के लिए मैं किसे संपर्क करूँ?

2023 ड्राफ्ट बाढ़ अध्ययन टीम से 1300 617 058 या इस ई-मेल पर संपर्क करें: **FloodSmart@cityofparramatta.nsw.gov.au**

## बाढ़ के बारे में बात करने के लिए मैं अपॉइंटमेंट कैसे बुक करूँ?

आप Participate Parramatta **participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/flood-study** वेबसाइट पर जाकर फोन अपॉइंटमेंट्स या बाढ़ टीम के साथ मीटिंग्स बुक कर सकते/ती हैं।

पंद्रह मिनट के फोन अपॉइंटमेंट उपलब्ध हैं।

सामुदायिक सूचना सत्र Dundas, Epping, Ermington, Parramatta, Rosehill, Telopea, Toongabbie, Wentworthville और Winston Hills पर आयोजित किए जाएँगे।

परिषद के पेज़ के माध्यम से अपनी अपॉइंटमेंट पहले से बुक करें:
**participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/flood-study**